श्री हरिश्चन्द्र बालिका इण्टरमीडिएट कालेज
मैदागिन, वाराणसी।

पत्रांक सं0 **/2018-19** दिनांक–03.11.2018

प्रतिष्ठा में,

क्षेत्रीय अधिकारी
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
वाराणसी।

विषय–'अक्टूबर माह का रिपोर्ट'

महोदय,

श्री हरिश्चन्द्र बालिका इण्टर कालेज मे स्थापित श्रीमती सिद्धेश्वरी देवी व्याख्या केन्द्र के वार्षिक कार्य योजना के अन्तर्गत माह के प्रथम सप्ताह मे 2 अक्टूबर 2018 को व्याख्या केन्द्र पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। व्याख्या केन्द्र पर छात्राओं एवं अध्यापिकाओं द्वारा रामधुन गाया गया एवं छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात् 3 अक्टूबर 2018 को शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत छात्राओं को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का भ्रमण कराया गया। 13 अक्टूबर 2018 को व्याख्यान केन्द्र पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें चयनित छात्राओं के नाम इस प्रकार से है –

1– कृषानु शर्मा – प्रथम
2– राजलक्ष्मी विश्वकर्मा – द्वितीय
3– अनम सरवर – तृतीय

31 अक्टूबर को व्याख्या केन्द्र पर सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती मनाई गई इस अवसर पर छात्राओं को राष्ट्रीयएकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सरदार पटेल की जीवनी पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की फोटो अवलोकनार्थ संलग्न है।

भवदीया

Principal
Sri Harishchandra Balika Inter College
Maidagin, Varanasi

डॉ0 प्रियंका तिवारी
श्री हरिश्चन्द्र बालिका इण्टर कालेज
मैदागिन, वाराणसी।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी को माल्यार्पण करती हुई प्रधानाचार्या

व्याख्या केन्द्र पर छात्राओं द्वारा स्वच्छता की शपथ लेती हुई छात्राएं

शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत छात्राओं को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र का भ्रमण करती हुई छात्राऐं

सरदार बल्लभभाई पटेल की जीवनी पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती हुई छात्राऐं।

13 अक्टूबर 2018 को व्याख्यान केन्द्र पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन में प्रतिभाग करती छात्राएं